Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- धन्नाराम कनिष्ठ अभियन्ता डिस्काम जवाली अतिरिक्त चार्ज डिस्काम रानी जिला पाली व ठेकेदार राम कुंवार गुर्जर एवं ठेकेदार सहायक महिपाल डुडी 6,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 17 मई, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी पाली प्रथम द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री धन्नाराम कनिष्ठ अभियन्ता डिस्काम जवाली अतिरिक्त चार्ज डिस्काम रानी जिला पाली व ठेकेदार रामकुंवार गुर्जर एवं ठेकेदार सहायक महिपाल डुडी **6,000/- रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी पाली प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी द्वारा कृषि विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन कर बिजली विभाग की मांग पत्र अनुसार सम्पूर्ण राशि 29350 रूपये भर दिये जाने के उपरान्त उसके बेरे पर बिजली के पोल लगाने व तार खिचने की एवज में कनिष्ठ अभियंता व ठेकेदार रामकुंवार उर्फ रामस्वरूप द्वारा ठेकेदार के सहायक के माध्यम से रिश्वत राशि 15,000 रूपये की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में एसीबी चौकी पाली प्रथम के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र डूकिया** एवं अन्य ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री धन्नाराम पुत्र थानाराम जाति सिरवी निवासी सालरिया जिला पाली व ठेकेदार श्री राम कुमार गुर्जर पुत्र श्री छोटाराम गुर्जर जाति गुर्जर रजलानी जिला जोधपुर एवं ठेकेदार का सहायक महीपाल डूडी पुत्र गुमानाराम जाति जाट निवासी रजलानी जिला जोधपुर को रिश्वत राशि 6,000/- रूपये लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।